महत्वपूर्ण एवं खास

जो श्रीदेवी करने वाली थीं अब माधुरी करेंगी वो रोल

करण जोहर की आगामी फिल्म शिद्दत में अब माधुरी दीक्षित उस रोल में दिखाई दे सकती हैं, जिसमें पहले श्रीदेवी को कास्ट किया जा चुका था. यह फिल्म अभिषेक वर्मन के निर्देशन में माधुरी को लेकर जल्द शुरू हो सकती है. श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी ने एक ट्वीट करते हुए लिखा है - अभिषेक वर्मन की यह फिल्म माँ के दिल के बहुत करीब थी. इस फिल्म का हिस्सा बनने के लिए डैड, खुशी और अपनी तरफ से मैं माधुरी जी का शुक्रियादा करती हूँ. श्रीदेवी के आकस्मिक निधन के बाद ऐसी अपुष्ट खबरें थीं कि इस फिल्म के लिए श्रीदेवी की जगह माधुरी को एप्रोच किया जा रहा है लेकिन जाह्नवी के ट्वीट के बाद अब यह खबर पक्की हो गयी है. अगर सब कुछ ठीक रहा तो माधुरी ही करण की इस फिल्म का हिस्सा हो सकती हैं. गौरतलब है कि माधुरी आखिरी बार परदे पर 2014 में आयी फिल्म गुलाब गैंग में मुख्य भूमिका में दिखाई दी थीं. इस साल माधुरी फिल्म टोटल धमाल में नज़र आ सकती हैं. इसके बाद उनकी शिद्दत का फैंस को इंतज़ार रहेगा.

तो सुशांत नहीं रणवीर सिंह के साथ डेब्यू करेंगी सारा अली

हाल ही में खबर आई थी कि सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान की डेब्यू फिल्म केदारनाथ की रिलीज टल सकती है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक के बीच अनबन हो जाने की वजह से फिल्म में देरी हो रही है। सारा की यह फिल्म भले ही अटक गई हो, लेकिन उनकी झोली में एक और फिल्म आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर सिंह की फिल्म सिंबा में उनके ऑपोजिट सारा अली खान को कास्ट किया जाएगा। सिंबा के लिए लंबे समय से लीड ऐक्ट्रेस की तलाश हो रही थी। मेकर्स इसके लिए सारा अली खान और जाह्नवी कपूर पर विचार कर रहे थे लेकिन अब खबर है कि फिल्म के लिए सारा को चुन लिया गया है। सूत्रों ने बताया है कि गली बॉय की शूटिंग के बाद रोहित शेट्टी की इस फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। खबर यह भी है कि केदारनाथ और सिंबा के अलावा सारा फिल्म हिन्दी मीडियम के सीक्वल में भी काम करेंगी। दिलचस्प बात यह है कि केदारनाथ 21 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी और सिंबा की रिलीज डेट 28 दिसंबर रखी गई है। अगर सिंबा के साथ सबकुछ ठीक रहा और केदारनाथ में देरी हुई तो सारा की डेब्यू फिल्म केदारनाथ नहीं बल्कि सिंबा होगी।

हाथियों के लिए विद्युत जामवाल ने सीखी अनोखी भाषा

ऐक्टर विद्युत जामवाल हमेशा से कुछ अलग व नया करने की कोशिश करते रहते हैं। यही वजह है कि विद्युत ने अपनी पिछली सभी फिल्मों में कुछ न कुछ नया किया है। इन दिनों अपनी आगामी फिल्म जंगली की शूटिंग में व्यस्त विद्युत अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। घने जंगलों में उनकी शूटिंग आठ जंगली हाथियों के साथ चल रही है। दरअसल अमेरिकन फिल्म मेकर चक रसेल के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म इंसान और हाथी के बीच के रिश्तों पर आधारित है। चक रसेल ने द मास्क और द स्कॉर्पियन किंग जैसी हॉलिवुड की हिट फिल्में दी हैं। विद्युत इस फिल्म के लिए हैरतअंगेज ऐक्शन दृश्यों के साथ-साथ हाथियों की स्पेशल भाषा सीखने के लिए भी कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। दरअसल फिल्म में विद्युत के ज्यादातर दृश्य हाथियों के साथ हैं, ऐसे में विद्युत सीटी की तकनीक से हाथियों की भाषा को समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस तकनीक के जरिए विद्युत न केवल हाथियों की भाषा समझ जाते हैं, बल्कि उन्हें उनके मूड का भी अंदाजा हो जाता है। इस बारे में विद्युत कहते हैं, एक हाथी का वजन लगभग पांच हजार किलो होता है और मेरा वजन है महज 71 किलो। ऐसे में अगर कोई हाथी मुझे थोड़ा-सा हिला भी दे, तो मैं हवा में उड़ जाऊंगा। इस कोर्स के दौरान मैंने यह जाना कि भले ही हाथी देखने में विशाल हो, लेकिन दिल से बेहद ही सरल होता है। वे बहुत ही फ्रेंडली और समझदार होते हैं। इस फिल्म में विद्युत जामवाल जानवरों के डॉक्टर बने हैं जो अंतरराष्ट्रीय शिकारी रैकेट का सामना करता है और हाथियों की तस्करी रोकता है।

धमाकेदार आइटम सॉन्ग से वापसी कर रही हैं उर्मिला मातोंडकर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर एक बार फिर से रुपहले पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। इस बार उर्मिला फिल्म ब्लैकमेल में एक धमाकेदार आइटम नंबर में दिखाई देंगी। पहले छम्मा छम्मा जैसा जोरदार आइटम कर चुकीं उर्मिला इस बार बेवफा ब्यूटी नाम के गाने में अपना जादू बिखेरेंगी। इरफान खान की प्रमुख भूमिका वाली फिल्म ब्लैकमेल अपने ट्रेलर के रिलीज होने के बाद ही काफी चर्चा में है। इस फिल्म का यह धमाकेदार आइटम सॉन्ग गुरुवार को रिलीज गया है। इस गाने को अमित त्रिवेदी ने कंपोज किया है जबकि इसे पावनी पांडेय ने अपनी आवाज दी है। इस सॉन्ग को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। इस गाने के फर्स्ट लुक के रिलीज होने के बाद निश्चित तौर पर फैन्स उर्मिला को इसमें पसंद करेंगे। इस गाने के बारे में बात करते हुए फिल्म के प्रड्यूसर भूषण कुमार ने कहा, फिल्म में इरफान ने एक ऐसा किरदार निभाया है जिसमें कभी भी कोई आदमी नहीं आना चाहेगा लेकिन यह गाना बेहद मजाकिया है और लोगों को कहीं से भी अश्लील नहीं लगेगा। अमित के तेज म्यूजिक, पावनी की स्पाइसी वॉइस और उर्मिला जैसी मेग्नेटिक स्टार की मौजूदगी के साथ यह गाना बेहद अच्छा बन पड़ा है। इस बारे में बात करते हुए फिल्म के डायरेक्टर अभिनय देव ने कहा, शुरू में फिल्म में इस गाने को नहीं रखा गया था लेकिन बाद में फिल्म की कहानी को नरेट करते हुए एक गाने को शामिल करने का फैसला किया गया। यह एक आइटम सॉन्ग नहीं है बल्कि यह गाना फिल्म की कहानी के बारे में बताता है। इरफान के अलावा कीर्ति कुल्हाड़ी, दिव्या दत्ता, अरुणोदय सिंह, ओमी वैद्य, अनुजा साठे और गजराज राव की प्रमुख भूमिकाओं से सजी यह फिल्म 6 अप्रैल 2018 को रिलीज होगी। इस फिल्म को टी-सीरीज के भूषण कुमार ने प्रड्यूस किया है और अभिनय देव ने डायरेक्ट किया है।

रेस 3 का दूसरा पोस्टर रिलीज, जैकलिन ने कहा- पावर खतरनाक हो सकती है

मच अवेटेड थ्रिलर फिल्म रेस 3 का दूसरा पोस्टर मंगलवार को जारी किया गया। इसमें ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस बोल्ड और ऐक्शन अवतार में नजर आ रही हैं। बता दें, इस हफ्ते हर दिन फिल्म की कास्ट से किसी न किसी का पोस्टर रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी खुद सलमान ने दी थी। जैकलिन के पोस्टर को शेयर करते हुए सलमान ने ट्वीट किया, जेसिकाः रॉ पावर। बाद में इस ट्वीट को रीट्वीट करते हुए जैकलिन ने लिखा, और पावर खतरनाक हो सकती है!! पोस्टर को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है और लोग इस पर लगातार लाइक, कॉमेंट कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया था जिसमें सलमान अपने पुराने ऐक्शन अंदाज में काफी स्टाइलिश नजर आ रहे थे। उन्होंने ट्वीट किया था, इस हफ्ते मिलाता हूं रेस 3 की फैमिली से... मेरा नाम है सिकंदर. सेल्फलेस ओवर सेल्फिश। फिलहाल सलमान अबु धाबी में रेस 3 की शूटिंग कर रहे हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि उन्होंने फिल्म के लिए एक रोमांटिक गाना भी लिखा है। इस गाने का म्यूजिक विशाल मिश्रा ने दिया है। ऐसा पहली बार होगा जब सलमान का नाम क्रेडिट्स में बतौर लिरिसिस्ट दिया जाएगा। बता दें, डायरेक्टर रेमो डीसूजा की फिल्म रेस 3 इस साल ईद के मौके पर रिलीज होगी। सलमान और जैकलिन के अलावा फिल्म में बॉबी देओल, अनिल कपूर, डेजी शाह और साकिब सलीम जैसे स्टार्स भी नजर आएंगे।

सलमान खान ने लिखा रोमांटिक गाना

सलमान खान इस वक्त अबु धाबी में रमेश तौरानी की फिल्म रेस 3 की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि सल्लू ने फिल्म के लिए एक रोमांटिक गाना लिखा है। फिल्म से जुड़े एक सॉर्स की मानें तो फिल्म की टीम एक रोमांटिक सीक्वेंस के साथ गाने की तलाश में थी तब तक सलमान ने बताया कि उन्होंने एक गाना लिख रखा है। सॉर्स ने बताया जब सलमान ने यह गाना पढ़कर सुनाया तो सबको काफी पसंद आया। विशाल मिश्रा ने इसे म्यूजिक दिया है। यह गाना सलमान पर पिक्चराइज किया जाएगा जिसको रेमो डिसूजा कोरियॉग्राफ करेंगे।

7 साल छोटे शाहिद के साथ रोमांस करेंगी ऐश्वर्या

बॉलीवुड के गलियारों से आ रही खबर के मुताबिक पद्मावत में दमदार परफॉर्मेंस देने के बाद एक्टर शाहिद कपूर को एक क्लासिक हिंदी फिल्म के रीमेक में लीड रोल ऑफर हुआ है. इस खबर की खास बात ये है कि इस फिल्म में उनके अपोजिट बॉलीवुड सुंदरी ऐश्वर्या राय बच्चन नजर आने वाली हैं. शाहिद कपूर इन दिनों फिल्म बत्ती गुल मीटर चालू की शूटिंग में बिजी हैं. वहीं ऐश्वर्या राय बच्चन के पास भी दूसरे प्रोजेक्ट्स शेड्यूल हैं. रिपोर्ट की मानें तो अभी इन दोनों कलाकारों से फिल्म को लेकर बात हो रही है. मेकर्स की पहली पसंद ऐश्वर्या और शाहिद ही हैं. साल 1964 में रिलीज हुई मनोज कुमार की फिल्म वो कौन थी बॉलीवुड की क्लासिक फिल्मों में से एक है. इस फिल्म की कहानी से लेकर गानें तक सभी बहुत पसंद किए गए थे. लगभग 50 साल बाद इस फिल्म के रीमेक को बनाए जाने की खबरें चर्चा में हैं. फिल्म के रीमेक में मनोज कुमार की जगह शाहिद कपूर और साधना की जगह ऐश्वर्या राय को कास्ट करने की बात चल रही है. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक इस साइको थ्रिलर में साधना और मनोज कुमार पर फिल्माए गए मदन मोहन के गाने को आज भी बहुत पसंद किया जाता है. इन दो लिजेंडरी एक्टर्स को इस फिल्म के रीमेक के जरिए ट्रिब्यूट दिया जाएगा और इसके लिए फिल्म में साधना के रोल के लिए ऐश्वर्या राय को कास्ट करने के लिए फिल्ममेकर्स विचार बना रहे हैं. बता दें साल 1964 में आई फिल्म वो कौन थी एक साइको लॉजिकल मिस्ट्री फिल्म थी. फिल्म का निर्देशन राज खोसला ने किया था और इसकी कहानी ध्रुव चटर्जी ने लिखी थी. फिल्म का गाना लग जा गले आज भी लोगों का पसंदीदा बना हुआ है. इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया था.

मेरे लिए खुद को साबित करने का मौकाः पूजा हेगड़े

ऐक्ट्रेस पूजा हेगड़े की 2016 में आई पहली बॉलिवुड फिल्म मोहनजो दारो बॉक्सऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस फिल्म में वह रितिक रोशन के ऑपोजिट नजर आई थीं। अब उन्हें हिंदी और तेलुगू में रिलीज होने वाली फिल्म में एक बड़ा रोल ऑफर हुआ है जिसमें वह साउथ के सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आएंगी। चूंकि प्रभास की साहो की शूटिंग में देर हो रही है, ऐसे में माना जा रहा है कि बाहुबली 2 के बाद इस फिल्म के जरिए प्रभास के फैंस उन्हें सिल्वर स्क्रीन पर देख सकेंगे। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए पूजा ने कहा कि इस बात का तो कोई सवाल ही नहीं उठता था कि ऐसी फिल्म न करूं। पूजा ने आगे कहा, डायरेक्टर राधा कृष्ण कुमार और प्रड्यूसर वामसी कृष्ण व यू प्रमोद मेरे पास कहानी सुनाने के लिए आए। यह पूरी से एंटरटेनर है। हां, अभी प्रभास से मेरी मुलाकात होनी है। यह पूछे जाने पर कि इंडस्ट्री में प्रभास की सफलता से उन्हें भय लगता है, उन्होंने कहा, मेरे लिए तो रितिक के साथ भी काम करने में डर लग रहा था लेकिन मैंने मैनेज कर लिया। मैंने इस फिल्म में ऐसा कुछ नहीं देखा जिससे डर लगे। यह मेरे लिए खुद को साबित करने का मौका है। प्रभास ने कर लिया है, अब मेरी बारी है। वहीं, मोहनजो दारो की असफलता पर उन्होंने कहा, आत्म विश्वास का कोई मसला नहीं था। रिव्यू भी मेरे लिए खराब नहीं थे। स्क्रीन प्रिजेंस के लिए मेरी सराहना की गई। फिल्म का चलना या न चलना मेरे हाथ में नहीं है।

डेडपूल के हिन्दी सीक्वल में आवाज देने से रणवीर सिंह ने किया इनकार!

कैप्टन अमेरिकाः सिविल वॉर में वरुण धवन, जंगल बुक में प्रियंका चोपड़ा, स्पाइड मैनः होमकमिंग में टाइगर श्रॉफ की हिन्दी डबिंग के बाद अब बारी थी रणवीर सिंह की। रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह से डेविड लीच की हॉलिवुड फिल्म में आवाज देने के लिए सम्पर्क किया गया। यह हॉलिवुड फिल्म डेडपूल की सीच्ल है, जिसमें मुख्य भूमिका में रायन रेनॉल्ड्स हैं। इसकी हिन्दी डबिंग के लिए रणवीर सिंह से सम्पर्क किया गया, लेकिन उन्होंने यह ऑफर ठुकरा दिया है। दरअसल, इसकी वजह जोया अख्तर की फिल्म गली बॉय में उनकी व्यस्तता है, जिसमें वह एक रैपर की भूमिका में नज़र आनेवाले हैं।

ब्रेक लेने से मेरे करियर पर काफी असर पड़ाः चित्रांगदा सिंह

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह बेहद कम लेकिन दमदार फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। हालांकि, उनका कहना है कि ब्रेक लेने की वजह से उनके करियर पर काफी असर पड़ा है। फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली ऐक्ट्रेस चित्रांगदा ने अपने करियर में ज्यादा आगे न बढ़ पाने को लेकर कहा, मैंने जब शुरुआत की थी तो मेरे जीवन में ऐसे मोड़ आए जहां मेरी प्राथमिकताएं बदल गईं। मैंने फिल्मों में आगाज किया और फिर चार साल का ब्रेक लिया। मैं वापस आई लेकिन फिर दो साल का ब्रेक लिया। इस वजह से करियर को काफी नुकसान हुआ। चित्रांगदा ने आगे कहा, फिल्म इंडस्ट्री में जब आपको मौके मिल रहे हों और उस समय आप मौजूद न हों तो निश्चित रूप से आपके करियर पर असर पड़ता है। मेरे साथ भी यही हुआ। शायद मैंने फिल्मी दुनिया का चमकता सितारा बनने के लिए भरपूर कोशिश नहीं की। चित्रांगदा के मुताबिक, काम मिलने के लिए सिर्फ प्रतिभाशाली होना काफी नहीं है बल्कि सही समय पर मौजूद होना भी जरूरी है। ज्यादातर फिल्म मेकर्स मेरे पास ऐसे रोल्स लेकर आए जो महिला प्रधान थे या फिर मजबूत बौद्धिक क्षमता वाले किरदार थे। ऐसा लग रहा था जैसे मैं आम हिंदी फिल्मों की हिरोइन वाले रोल निभाना ही नहीं चाहती। मैं एक ऐक्ट्रेस हूं और मैं हर रोल निभा सकती हूं। मैं उतनी ही सामान्य और हंसमुख हूं जितना एक आम लड़की होती है। मुझे डांस करना पसंद है जो पर्दे पर मेरी छवि से बिल्कुल अलग है।

हाउसफुल 4 का हिस्सा बनेगी कृति, अक्षय के साथ शेयर करेगी स्क्रीन

अक्षय कुमार स्टारर और साजिद नाडियाडवाला के डायरेक्शन में बनी फिल्म हाउसफुल की चौथी सीरीज अनाउंस हो गई है. फिल्म में इस बार अक्षय और रितेश के साथ एक्ट्रेस कृति सेनन नजर आएंगी. टाइगर श्राफ के साथ फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में एंट्री करने वाली कृति को फिल्म बरेली की बर्फी के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है. कृति इन दिनों फिल्म मेकर्स की पसंदीदा एक्टर्स में से एक बनी हुई हैं. फिल्म के डायरेक्टर साजिद नाडिया डवाल के प्रोडक्शन ने अपने ट्विटर अकाउंट पर इस बात की जानकारी देते हुए लिखा कि चलिए इस फन की शुरुआत करते हैं. कृति सेनन हाउसफुल गैंग में स्वागत है. इस ट्वीट में कृति की फोटो शेयर की गई है जिसमें साजिद के साथ ही अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और बॉबी देओल को भी टैग किया गया.बता दें कि साजिद के साथ कृति की ये दूसरी फिल्म है. कृति ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हीरोपंती से की थी. कृति इन दिनों बॉलीवुड की व्यस्त रहने वाली एक्ट्रेसेज की लिस्ट में शामिल हैं. कृति की पिछली रिलीज फिल्म बरेली की बर्फी की बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी. साजिद की फिल्म हाउसफुल तीसरी भी हिट रही थी और अब देखना ये होगा कि फैंस उनकी इस फिल्म को कैसे रिस्पॉन्स देते हैं. फिल्म में कृति के अलावा अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, कायरा आडवाणी, परिणीति चोपड़ा, और बोमन इरानी के नाम भी शामिल हैं. खबरों की मानें तो फिल्म दिवाली 2019 में रिलीज करने का प्लान बनाया जा रहा है.

द फॉल्ट इन ऑवर स्टार्स के रीमेक में नजर आएंगी संजना सांघी

हॉलीवुड फिल्म द फॉल्ट इन अवर स्टार का हिंदी रीमेक बनने की तैयारी शुरू हो गई है. फिल्म में हीरो के लिए जहां सुशांत सिंह राजपूत को साइन किया गया है, वहीं काफी खोजबीन के बाद अब सुशांत सिंह राजपूत के अपोजिट संजना सांघी को बतौर हीरोइन कास्ट कर लिया गया है. आगे जानते हैं कौन हैं संजना सांघी. रॉकस्टार फिल्म से बॉलीवुड में एक्टिंग की शुरुआत करने वाली संजना सांघी को मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने फिल्म में कास्ट किया है. मुकेश इस फिल्म से डायरेक्शन की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं. रॉकस्टार फिल्म के दौरान भी नरगिस फाखरी की बहन के रोल में संजना को मुकेश ने ही कास्ट किया था. द फॉल्ट इन अवर स्टार की कास्टिंग के बारे में बात करते हुए मुकेश छाबड़ा ने एक प्रमुख अखबार को दिए इंटरव्यू में बताया कि संजना इस फिल्म की स्क्रिप्ट के हिसाब से परफेक्ट फेस हैं. फिल्म में वह अपनी एक्टिंग से जादू कर सकती हैं.2014 में हॉलीवुड फिल्म फॉल्ट इन अवर स्टार को जोश बून ने डायरेक्ट किया था.